प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

केंद्र सरकार ने त्योहारों से ठीक पहले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 22 सितंबर से घटी हुई नई जीएसटी दर लागू कर रही है। 22 सितम्बर को ही कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्री भी शुरू हो रही है, ऐसे में हजारीबाग

हजारीबाग में इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारों ने जीएसटी रिफॉर्म का स्वागत किया है और कहा कि बाजार में 30 प्रतिशत तक ग्रोथ की संभावना है। दुकानदारों का कहना है कि जीएसटी संशोधन बिल से बाजार में रौनक लौटेगी और त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ेगी।

********************

आयुष मंत्रालय, महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में भागीदारी कर रहा है। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का राष्ट्रीय अभियान है। 16 दिन का यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन और विभिन्न बीमारियों की जाँच पर केंद्रित है। इस अभियान में कैंसर, एनीमिया, तपेदिक और सिकल सेल रोग जैसे गैर–संचारी रोगों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर शामिल होंगे।

********************

डालटनगंज के मनातू–तरहसी सीमावर्ती जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में टीएसपीसी का कुख्यात कमांडर मुखदेव यादव मारा गया, जिसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। झारखंड सरकार ने इस वर्ष मार्च में मुखदेव पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। वह बिहार–झारखंड में लेवी वसूली और हथियारों की तस्करी में सक्रिय था और बताया जा रहा है कि 3 सितंबर को केदल गांव में हुई मुठभेड़ में मुखदेव की भूमिका रही थी। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन घटनास्थल पर पहुंचीं और उनके निरीक्षण में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

********************

हिंदी दिवस को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कई संस्थानों में आज हिंदी पखवाड़े की शुरुआत की गई। इसी के तहत आकाशवाणी रांची क्लब सभागार में 14 से 30 सितंबर तक आयोजित होने वाले हिंदी पखवाड़े का औपचारिक उद्घाटन कल सुबह 10.30 बजे होगा। इस मौके पर आकाशवाणी रांची की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

********************

सरायकेला खरसावां में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक होटलों और फास्ट फूड दुकानों में छापामारी की गई। जांच के दौरान टमाटर सॉस, मसाला और खाद्य सामग्रियों में गंभीर खामियां पाई गईं, जिनके नमूने जांच के लिए रांची लैब भेजे गए। श्री रंजन ने संचालकों को एक सप्ताह के अंदर कमियों को दूर करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

********************

जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में रांची और रामगढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ वज्रपात और तेज़ हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने तथा बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहने की अपील की गई है।

*********** समाप्त **********